



## खबर संक्षेप

### सूने मकान से 5 लाख के जेवरात और नकदी पार



**पलारी।** पलारी नगर वार्ड नं 15 में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात शातिर चोर ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि वारदात को अंजाम देने के बाद चोर घर का ताला भी अपने साथ ले गया, जिससे घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार, चोर ने मकान में घुसकर अलमारी में रखे कीमती जेवरात और नकदी चोरी कर ली।जो लगभग 5 लाख रुपए तक आंकी गई है। घटना की जानकारी घर के लोगों को लौटने पर हुई, जिसके बाद तत्काल पलारी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। शेष पेज 11 पर

**मौसम : सड़कों पर जलभराव, जाम नालियों के कारण निचली बस्तियों में घुसा पानी**

# जिले में झमाझम बारिश : जलभराव ने खोली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय सहित पूरे बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में शनिवार से शुरू हुई झमाझम बारिश का सिलसिला रविवार को भी लगातार जारी रहा। जिले के लगभग सभी क्षेत्रों से तेज एवं लगातार वर्षा की खबरें मिलीं, जिससे स्पष्ट हो गया है कि इस क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। लगातार हो रही बारिश ने जहां किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की बरसात पूर्व तैयारियों की भी पोल खोलकर रख दी है। शहर की कई सड़कों पर जलभराव, जाम नालियां और निचली बस्तियों में पानी घुसने की शिकायतों ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दीं। लगातार हो रही वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंच गई है, जिससे धान सहित खरीफ फसलों की बोनी और रोपाई का कार्य अब तेज गति से होने की उम्मीद है। किसान लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे और अब अनुकूल मौसम मिलने से कृषि गतिविधियां रफ्तार पकड़ने लगी हैं। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि समय पर हुई वर्षा से उत्पादन में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही भूजल स्तर में सुधार, तालाबों और जलाशयों में जलभराव तथा पेयजल संकट से राहत मिलने की संभावना भी बढ़ गई है। बारिश के कारण पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस और गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है।



### नालियों की सफाई के अभाव में सड़कें लबालब

हालांकि, बारिश ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित रही और गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया। निचली बस्तियों में रहने वाले नागरिकों ने घरों में पानी घुसने की शिकायत की। कई मोहल्लों में सड़कें तालाब जैसी नजर आईं, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते।

### मौसम विभाग का ताजा पूर्वानुमान; 72 घंटों का अलर्ट

मौसम विभाग के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है और अगले 48 से 72 घंटों तक बलौदाबाजार-भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, बड़े पेड़ों तथा बिजली के खंभों के आसपास खड़े होने से बचने की अपील की है। किसानों को भी मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए खेतों में कार्य करने तथा जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी गई है।

### जिले में अब तक 107.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालू मानसून सत्र में 1 जून से 5 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 107.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों में टुण्डरा सबसे आगे रहा, जहां 224.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा कसडोल में 138.7 मिमी, पलारी में 119.7 मिमी, भाटापारा में 95.1 मिमी, सिमगा में 90.8 मिमी, सुहेला में 85 मिमी, बलौदाबाजार में 76 मिमी, सोनाखान में 75.3 मिमी तथा लवन में 66.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में अब तक कुल 971.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है।




# किताबी ज्ञान से परे, प्रकृति के बीच सीख रहे बच्चेः डीएफओ

## 300 से अधिक विद्यार्थी बने युवान कार्यक्रम के हिस्सा, किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत प्रत्येक शनिवार संचालित किए जा रहे युवान कार्यक्रम के तहत शनिवार को विभिन्न वन परिक्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए वन भ्रमण, प्रकृति शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने युवान कार्यक्रम से जुड़कर वन, वन्यजीव, जल, मृदा एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति व्यवहारिक जानकारी प्राप्त किया और प्रकृति संरक्षण का सन्देश दिया। कार्यक्रमों के कसडोल क्षेत्र अंतर्गत सोनाखान, देवपुर, अर्जुनी, बल्दाकछार एवं बलौदाबाजार वन परिक्षेत्रों के विभिन्न परिसरों एवं विद्यालयों में विद्यार्थियों को वन भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें वनों एवं वन्यजीवों का मानव जीवन में महत्व, जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, जल एवं मृदा संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि प्रकृति संरक्षण में युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी भविष्य के सुरक्षित पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रमों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने सीड बॉल रोपण, बीज रोपण, पौधारोपण तथा वन महोत्सव जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। फलदार एवं स्थानीय प्रजातियों जैसे आम, कोसम, चार, बहेड़ा, जामुन, नीम, आंवला एवं अन्य उपयोगी प्रजातियों के संरक्षण एवं प्राकृतिक पुनर्जनन के महत्व की जानकारी दी गई।



### पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान देने किया प्रेरित

युवान कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ते हुए पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। कई स्थानों पर विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की उपयोगिता, मिट्टी कटाव की रोकथाम, जल संरक्षण उपायों तथा प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में भी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि युवान कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें सीधे प्रकृति के बीच सीखने का अवसर प्रदान करना है। जब बच्चे जंगल, जल स्रोत, वन्यजीव एवं जैव विविधता को निकट से समझेंगे, तभी उनमें प्रकृति संरक्षण के प्रति स्थायी संवेदनशीलता विकसित होगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों के आंदोलन को पेंड्रावन बचाओ संघर्ष समिति का समर्थन

**रायपुर।** ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी के लिए 80 परिवारों के घरों को तोड़कर उन्हें बेघर करने के विरोध में जारी आंदोलन को समर्थन देने के लिए शनिवार को पेंड्रावन बचाओ संघर्ष समिति के सचिव घनश्याम वर्मा, संयोजक उधोराम वर्मा और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला शामिल हुए। ग्राम नकटी स्थित धरनास्थल पर ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनके आंदोलन में अपनी एकजुटता प्रकट की। घनश्याम वर्मा ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे गरीब विरोधी कृत्य करार दिया।

### ओम विहार में सड़क निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**रायपुर।** जोन-10 अंतर्गत महावीर नगर-अमलीडीह क्षेत्र के ओम विहार कालोनी में शनिवार को सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद डा. अनामिका सिंह, जोन के अधिकारी एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### वीबी जीरामजी के तहत किए गए पौधरोपण का निरीक्षण

**रायपुर।** जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पचेड़ा, थनौद, तोरला, घुरका, सुन्दरकेरा, जवईबांधा, सोनेसुल्ली एवं दुलना में वीबी जीरामजी योजना के अंतर्गत पूर्व में किए गए पौधरोपण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण स्थलों का अवलोकन कर पौधों की स्थिति की जानकारी ली तथा गांव की स्व-सहायता समूहों की दीदियों को निर्देशित किया। सीईओ ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत विकासखंड अभनपुर की चयनित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले ग्राम पंचायतों का भी निरीक्षण किया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक सोमवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स एसोसिएशन भवन धमतरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सभी पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

## पौधरोपण : तहसीलदार किशोर कुमार सहित जनप्रतिनिधियों ने की पहल की सराहना

# आयुष्मान समिति की अनूठी मिसाल, रोपे 400 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सुहेला की आयुष्मान समिति ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो जनभागीदारी से असंभव लक्ष्य भी सहजता से प्राप्त किए जा सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर समिति ने 300 पौधे लगाने का संकल्प लिया था, जिसे पूरा करते हुए निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर लगभग 350 से 400 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। वृक्षारोपण किए गए पौधों में विशेष रूप से नीम कारण शीशम नीलगिरी पीपल जामुन गुलमोहर प्रजाति के पौधे रोपे गए हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 में 20 जागरूक नागरिकों द्वारा गठित आयुष्मान समिति आज सुहेला में हरियाली की पहचान बन चुकी है। मात्र 30 पौधों से शुरू हुआ यह अभियान अब तक 1200 से अधिक पौधों के रोपण तक पहुंच चुका है, जिनमें से 850 से अधिक वृक्ष आज विशाल पेड़ों का रूप लेकर पर्यावरण को शुद्ध एवं संतुलित बनाने में योगदान दे रहे हैं।समिति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें न कोई अध्यक्ष है, न सचिव और न ही कोई अन्य पदाधिकारी। सभी सदस्य समान रूप से जिम्मेदारी निभाते हुए वृक्षारोपण, संरक्षण और रखरखाव का कार्य करते हैं। प्रत्येक सदस्य प्रतिमाह 100 रुपये का अंशदान देता है, जिससे पौधों की सिंचाई, खाद, सुरक्षा घेरा एवं रखरखाव की व्यवस्था की जाती है। पौधे सरकारी





नर्सरी कचलोन से प्राप्त किए जाते हैं तथा यदि कोई व्यक्ति अपने परिजन की स्मृति में पौधा लगाना चाहता है तो समिति द्वारा 501 रुपये सहयोग राशि लेकर गड्ढा, खाद, मजदूरी एवं सुरक्षा घेरा सहित पौधारोपण कराया जाता है। समिति द्वारा अब तक बड़ा तालाब पचरी, खलारी मार्ग, प्रवेश द्वार से सतनामी पारा, बिजली कार्यालय परिसर, चीरघर, नवीन स्कूल से नवीन तहसील भवन मार्ग, आत्मानंद विद्यालय, कुर्मी भवन, श्मशान घाट सहित सुहेला के अनेक सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया गया है। इनमें मुख्य रूप से नीम, वट, पीपल, शीशम, जामुन, करंज सहित अनेक छायादार एवं पर्यावरण हितैषी प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए हैं। इस अवसर पर सुहेला तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा अपने सुपुत्र के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वयं पौधारोपण कर समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। आयुष्मान समिति ने जिस निस्वार्थ भावना से वर्षों से पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है।

### अपने संसाधनों और श्रमदान के भरोसे चल रहा सफर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आयुष्मान समिति बिना किसी सरकारी सहायता के जिस समर्पण के साथ वर्षों से वृक्षारोपण कर रही है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। समाज और जनप्रतिनिधियों को ऐसी समितियों का हरसंभव सहयोग करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हराभरा वातावरण मिल सके। उक्त अवसर पर विशेष रूप से सुहेला के उपसरपंच देवा धृतलहरे, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, संतोष वर्मा, हृदय वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति सुहेला गिरिजाशंकर वर्मा, दुखू वर्मा, निरंजन लाल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, विजय वर्मा, झम्मन बेदराम वर्मा पीलु राम यादव गैद लाल साहू, नरेंद्र कुमार साहू शिक्षक भुवनेश्वर वर्मा संदीप पांडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सोनबरसा जंगल में भारत माता सेवा ट्रस्ट ने किया बीजारोपण




**बलौदाबाजार।** भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सोनबरसा जंगल में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से बीजारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बलौदाबाजार की उपाध्यक्ष सुमन वर्मा थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी महेंद्र वर्मा एवं नेहा वर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने की। ट्रस्ट द्वारा पिछले कुछ दिनों से ग्राम अर्जुनी में फल सेवन के बाद बीज संग्रह अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान एकत्रित लगभग 70 से 80 किलोग्राम आम, इमली, जामुन, बेर, बहेरा और अमलतास सहित विभिन्न प्रजातियों के बीजों का सोनबरसा जंगल में बीजारोपण किया गया। इसका उद्देश्य भविष्य में अधिक से अधिक पौधे तैयार कर हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि वर्तमान समय में जल, जंगल और जमीन को प्रदूषण मुक्त रखना सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और बीजारोपण की जरूरत है। पेड़ न केवल शुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता घट रही है और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्वस्थ जीवन और सुरक्षित पर्यावरण के लिए पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद जैन ने किया। इस अवसर पर योगेश वर्मा, विनय गुप्ता, मुरारी कन्नौजे, डमरूधर वर्मा, चिंतामणि साहू, जावेद सोनी, संतोष वर्मा, पुरेंद्र वर्मा (फौजी), मोहन वर्मा, सालिकराम वर्मा, मेघनाथ वर्मा, अमित साहू सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बागेश्वरधाम पं. शास्त्री के जन्मदिन पर निकला जुलूस ...



**गिधौरी।** बागेशवर धाम पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का जन्म जयंती मनाने शनिवार को ग्राम कोटियडिह से गिधौरी तक बाजे गाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। गिधौरी में प्रिया ईलेक्ट्रानिक्स के पास जन्मदिन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना कर मनाया। इसके बाद प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया | राहगीर एवं ग्रामवासी प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम कोटियाडिह से आये हुए बागेशवरधाम भक्त एवं ग्राम के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# 10 लाख रुपए के मुक्तिधाम शेड़ का नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित मुक्ति धाम में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मुक्ति धाम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा मुक्ति धाम में शेड निर्माण की मांग की जा रही थी। अंतिम संस्कार के दौरान तेज धूप, वर्षा एवं प्रतिकूल मौसम में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की विकास का



वास्तविक अर्थ केवल सड़क, नाली और भवन निर्माण नहीं है, बल्कि समाज की प्रत्येक आवश्यक सुविधा को संवेदनशीलता के साथ उपलब्ध कराना भी है। मुक्ति धाम ऐसा स्थान है जहाँ हर परिवार कभी न कभी पहुँचता है। ऐसे समय में लोगों को असुविधा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि भाटापारा नगर का प्रत्येक वार्ड मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो। जनहित के प्रत्येक कार्य को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक विकास कार्यों को गति दी जाएगी। भूमिपूजन समारोह में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.मोहन बांधे पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल सभापति गोविंद पटेल, कुंज राम कोशले, देवेंद्र साहू ,दशरथ साहू पार्षद नंदकिशोर वैष्णव, लक्ष्मी कांत बंटी टंडन, माखन महिलाएंगे के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# शहर को दो उद्यानों की सौगात, 1.51 करोड़ की परियोजना का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जोन 8 के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और जोन 9 क्षेत्र के कचना स्थित जीएडी कालोनी में नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा गिन्नी देवी गोयल फाउंडेशन के माध्यम से सीईआर निधि मद से निर्मित 2 उद्यानों का लोकार्पण किया गया। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और महापौर मीनल चौबे ने शहरवासियों को दो उद्यानों की सौगात दी।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नगर निगम रायपुर द्वारा कबीर नगर क्षेत्र को शहर के अन्य वार्डो की तरह विकसित किया जाएगा। कबीर नगर में सुंदर बगीचा विकसित कर दिया गया है इसकी देखभाल भी फाउंडेशन करेगा, पर इसके लिए नागरिकों को सहभागिता दर्ज़ करवानी होगी।



विधयक मोतीलाल साहू ने कहा कि जोन 8 अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में 1 करोड़ 43 लाख की लागत से पाइप लाइन विस्तार,सीसी रोड, सामुदायिक भवन निर्माण के विविध विकास कार्य कराए जाएंगे। सोनडोंगरी मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य , उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर मोर माटी मोर संस्कृति की मांग पर कबीर नगर के डॉ. अंबेडकर चौक के पास विशाल सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अपर आयुक्त विनोद पांडे और आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने किया।

# बारिश होते ही खुली पोल, नालों की गंदगी सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के मानसून से पूर्व नालों की सफाई कराने के दावों की पहली बारिश ने ही पोल खोल दी है। सफाई नहीं होने के कारण छोटे-बड़े नालों की गंदगी सड़कों पर बारिश के पानी के साथ बहने लगी है। कई इलाकों में तो नालियों के गंदे काले पानी से सड़कें लबालब हो गईं, जिसके कारण लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। नालियों की गंदगी का नजारा शहर के कई इलाकों की सड़कों पर देखा गया, जिनमें अमलीडीह-केनाल रोड से लगा



इलाका भी शामिल है। जोन अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण केनाल रोड से गुजरे बड़े नाले की सफाई तक नहीं की गई, जिसके कारण इसकी गंदगी से इस इलाके की कई सड़कें नाले के गंदे पानी से डूब गईं।

**शहर के कई इलाकों में ऐसे ही स्थिति रही :** संतोषीनगर, टिकरापारा, भाठागांव, समता कालोनी, कटोरा तालाब, महावीर नगर, अमलीडीह सहित शहर के कई वार्डों में बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाई है, जिसके कारण बारिश होते ही इन इलाकों में नालों की गंदगी सहित बारिश का पानी सड़क पर आ गया है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।

**खबर संक्षेप**

## युवा नेता ने सीसी सड़क और अस्थायी बजरी की रखी मांग

**कसडोल** | नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं 5 की समस्याओं को देखते हुए युवा नेता राघवेन्द्र पवार ने नपं अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया।



श्री पवार ने बताया कि सेक्टर 1 से सेक्टर 2 जाने वाले मुख्य मार्ग पर बहुत ज्यादा कीचड़ हो गयी है। साथ ही खजरी तालाब के पास शिव मंदिर से बाजार तक कच्ची सड़क है, जिस पर पानी भरा रहता है। आने-जाने में राहगीरों को बहुत परेशानी हो रही है। समस्या को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे ने संज्ञान में लेते हुए आस्वस्त किया कि अभी बारिश को देखते हुए अस्थायी रूप से बजरी डाली जाएगी, उसके बाद रोड का निर्माण कराया जाएगा।

## गुड शेफर्ड में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा




**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु एवं युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा-भाव एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी अनीता वंजारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक चिंतन तथा समाज और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरक भाषण, कविता-पाठ तथा स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचार प्रस्तुत किए। उनके प्रसिद्ध संदेश उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत को आत्मसात करने का संकल्प एनएसएस कैडेट्स ने लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानंद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और नैतिक मूल्यों से युक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

**पेज 11 के शेष**

### सूने मकान से ...

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। चोरी की इस वारदात से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पलारी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्कूली बसों की जांच, फिटनेस और ड्राइविंग स्टाफ के स्वास्थ्य का परीक्षण

# नशे में गाड़ी चलाई तो होगी कड़ी कार्रवाई : एएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकनिमिषा पाण्डेय एवं एसडीओपी स्नेहिल साहू के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। खेलभांठा मैदान में आयोजित इस शिविर में जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों में संचालित बसों का फिटनेस टेस्ट और उनके चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

यह महत्वपूर्ण आयोजन स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आरटीओ और यातायात टीम के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने और छात्र-छात्राओं के सुरक्षित सफर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस शिविर में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बसों के हॉर्न, सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड किट, प्रदूषण क्लियरेंस सर्टिफिकेट, इंडिकेटर, इमरजेंसी गेट, अग्निशामक यंत्र और खिड़कियों पर लगी जालियों की गहनता से जांच की गई। इसके साथ ही वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक और अन्य स्टाफ के व्यक्तिगत रिकॉर्ड का भी मिलान किया गया। सुरक्षित ड्राइविंग के लिए चालकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए शिविर में उनका विशेष मेडिकल चेकअप भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चालकों की आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल की जांच सहित अन्य आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण किए गए।

इस एक दिवसीय शिविर के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय, एसडीओपी स्नेहिल साहू, रक्षित निरीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रा सहित आरटीओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और यातायात टीम के कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### वाहनों की तकनीकी खामियों को तत्काल सुधारने के निर्देश

शिविर का निरीक्षण करने पहुंचीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय ने वाहन चालकों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि किसी भी परिस्थिति में नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने सभी वाहनों की तकनीकी खामियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले ड्राइवरों व प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिविर में उपस्थित आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने सभी वाहनों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर संचालकों को जरूरी सुधार के निर्देश दिए।

## योगासन भारत के नेशनल जज बने नितेश कुमार

**पलारी।** जिले ग्राम पंचायत कारी निवासी एवं दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर के योग विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक नितेश कुमार पटेल ने कुरुक्षेत्र हरियाणा में आयोजित 7वें राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर योगासन भारत के नेशनल जज के रूप में स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे ग्राम कारी एवं बलौदाबाज़ार जिले एवं छत्तीसगढ़ में हर्ष का वातावरण है। नेशनल जज बनने के बाद नितेश अब राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएँ देंगे। नितेश ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता शिवकुमारी पटेल, पिता जीवन लाल पटेल के संस्कार और त्याग को दिया साथ साथ दावड़ा यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा, डीजी डॉ. चार्मी दावड़ा, योग पुरोधा कुलपति प्रो. डॉ. एस. मोहन कुमार, प्रो-वाईस चांसलर डॉ. वरुण गंजीर, डिप्टी रजिस्ट्रार विपिन श्रीवास्तव, डीन प्रो. डॉ. सुरजीत डे मंडल, प्रो. डॉ.मनीष वर्मा, प्रो. डॉ. मनीषा पाण्डेय तथा योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. खोमेश साहू के मार्गदर्शन, विश्वास एवं निरंतर सहयोग को दिया। इस उपलब्धि में ग्राम पंचायत कारी के सभी ग्रामवासियों का स्नेह, विश्वास एवं सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। विशेष रूप से ग्राम पंचायत कारी के सरपंच डॉ. गीता राम रजक, डॉ. भागवत साहू, ईशा वर्मा, सद्भावना योग परिवार के अध्यक्ष केशो राम साहू, सनिल साहू, दीपक वर्मा, यामिनी, कोमेश्वरी पटेल, बसंती पटेल सहित अन्य का भी सहयोग मिला।



# सहकारिता विभाग के तत्वाधान में सहकार संकल्प दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग की ओर से सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिये 5 जुलाई को नगर लवन में 'सहकार संकल्प दौड़' का आयोजन किया गया जिसमें नगर के जनप्रतिनियों सहित नगरवासी और प्राथमिक सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी उत्सुकता पूर्वक भाग लिया। यह आयोजन /"सहकारिता की भावना के साथ, एक कदम समृद्ध छत्तीसगढ़ की ओर/" थीम पर आधारित है।समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष दुर्गेश बाजपेई ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों में सहयोग, एकता, स्वास्थ्य और सामूहिक विकास का संदेश देना है। सहकार संकल्प दौड़ का आयोजन लवन खरतोरा मार्ग में पांच जुलाई को नगर पंचायत से वार्ड क्रमांक 15 लगभग 1किलो मीटर की संकल्प दौड़ लगाया गया। सहकार संकल्प दौड़ केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि जनजागरण का अभियान है। इसके माध्यम से सहकारिता को मजबूत बनाने, समाज में सहयोग की भावना विकसित करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश है। इस आयोजन का उद्देश्य /"सहकारिता से समृद्धि, साथ चलें, साथ बढ़ें/" और स्वस्थ समाज, समृद्ध प्रदेश/" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है।

छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग ने प्रदेश के सभी नागरिकों से इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की थी। विभाग का मानना है कि जनभागीदारी से ही सहकारिता का अभियान और अधिक मजबूत होगा और समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प साकार होगा।

# लोटस पब्लिक स्कूल में 178 मेधावी सहित जेईई एडवांस में चयनित छात्र - छात्राएं भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं मेरिट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य प्रीतम भारद्वाज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार संघ के धर्मेंद्र साहू, के.पी. पटेल एवं रामदुलार साहू सहित अभिभावक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 178 विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, भटगांव अंचल एवं जिले का नाम रोशन करने वाले छात्र हर्षित देवांगन का विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रीतम भारद्वाज ने विद्यालय के लगातार उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणामों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 14 शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इनमें किरण , अंशु एवं विक्की को उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बेस्ट प्रिंसिपल अवॉर्ड प्रदान किया गया।

### विद्यार्थियों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

विद्यालय की डायरेक्टर लक्ष्मी साहू ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में अभिभावकों ने भी विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक वातावरण और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की सराहना की।

# विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन दीपक अध्यक्ष व गायत्री उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया संपन्न की गई। प्रथम चरण में पालक बैठक आयोजित कर समिति के सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। दूसरे चरण में विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता डीपी साहू द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक टिकरिहा को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा गायत्री ध्रुव को उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा समिति की सदस्य सचिव रहेंगी।

इसके अलावा समिति में पार्षद सतीश साहू , पी. आर. शर्मा, सुश्री के. लकड़ा,वरिष्ठ शिक्षाविद बी. शर्मा सहित अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालय वातावरण तथा पालकों की सक्रिय सहभागिता पर चर्चा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने विद्यालय हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# भवानीपुर स्कूल में 15 लाख के प्रार्थना शेड का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर के हाई स्कूल परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) बलौदा बाजार मद से स्वीकृत 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड का भूमि पूजन जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। प्रार्थना शेड के निर्माण से विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित सभापति जनार्दन वर्मा ने कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से मिली यह सौगात विद्यालय के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। प्रार्थना शेड बनने से विद्यार्थियों को धूप, बारिश और अन्य मौसम संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी तथा विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जा सकेंगे। जनपद सदस्य अनुसुईया चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। डीएमएफ मद से स्वीकृत यह निर्माण कार्य विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भविष्य में भी शिक्षा से जुड़े आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरपंच प्रेमिन बाई लहरें ने कहा कि ग्राम पंचायत भवानीपुर में विकास कार्य निरंतर जारी हैं। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार पंचायत की प्राथमिकता है। प्रार्थना शेड बनने के बाद विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और विद्यालय का वातावरण अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच फागू राम सेन, मदन लाल साहू, मोकेश चंद्राकर, मुखी राम साहू, सचिव नरेंद्र चंद्राकर, मनोज कुमार साहू, जगदीश लहरें, बगश राम ध्रुव, झब्बू ध्रुव, चिंता निषाद, शकुंतला साहू, दिलेश्वरी ध्रुव सहित स्कूल विकास समिति के सदस्य, शिक्षक एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### खम्हरिया विद्यालय में प्रबंधन समिति के बैठक



**गोपालपुर ।** विकास खंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में प्रबंधन समिति के बैठक आहूत की गई। जिसमें जिसमें अनेक विषय पर चर्चा की गई। प्राचार्य एस एल पटेल ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम के संबंध मे जानकारी देते हुए कहा कक्षा 10 वीं का परिणाम संत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं के परिणाम 98% रहे। स्कूल मे पढ़ाई चुस्त दुरुस्त होने की समिति को विश्वास दिलाया और आगे बोर्ड परीक्षा के अगले सत्र में बेहतर परिणाम लाने की बात कही गई। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अच्छा परिणाम लाने के लिए प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के फीस को शासन द्वारा वृद्धि की गई है। इस कारण से छात्र- छात्राओं के फीस को समिति ने निर्धारित किया। जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया। ज्ञात हो कि उपरोक्त स्कूल मे दो कर्मचारियों को रखा गया जिसका वेतन को समिति निर्धारित करती है। पेयजल की व्यवस्था एवं सीसी टीवी कैमरा लगाने की चर्चा की गई। बैठक में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आत्मानंद स्कूल अर्जुनी में बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**अर्जुनी।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में न्योता भोज का आयोजन शनिवार को किया गया। उक्त आयोजन सेवानिवृत शिक्षाविद व शाला विकास समिति के सदस्य गंगा प्रसाद यदु के जन्मदिन पर हुआ। न्योता भोज में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को फल का वितरण किया गया। आयोजन से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चित्ररेखा साहू ने आयोजन पर कहा कि न्योता भोज न केवल पौष्टिक आहार का वितरण है अपितु भाईचारा और समरसता का जीता जागता प्रमाण है। साथ ही आयोजन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अवधेश वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# सोनारदेवरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनार देवरी के प्राथमिक स्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों द्वारा पूजा अर्चना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में सम्मिलित पालकों, पंचायत के सदस्यों, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष, सदस्यों एवं मातृ शक्तियों का गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पाठ्य पुस्तक प्रदान कर शाला में प्रवेश दिलाया गया।



प्रवेश उत्सव में शामिल पूर्व सरपंच कुंदन साव द्वारा बच्चों को नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ने का संदेश दिया गया। पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर वर्मा द्वारा शासन से मिलने वाली सुविधा का उपयोग कर अच्छी पढ़ाई करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में तीनों संस्था के शिक्षक उपस्थित रहे जिसमे प्राचार्य आर के विश्वकर्मा, संजीव राय, जे एन गायकवाड़, श्रद्धा तिर्की, योगिता रॉबर्ट, रेणु मलिक, गंगा प्रसाद बनर्जी, कमलेश कनौजे, पैकरा सर, भुवन बंजारे, छत्तर सिंह बंजारे, सविता बांधे, संतराम कनौजे,बलराम साहू,खेमन कनौजे,रामेश्वर वर्मा, सोमनाथ कनौजे, प्रभु भारद्वाज, केशव साव, भूपेंद्र वर्मा,गणेश वर्मा,दौलत धीवर,ललित साहू, हीराराम वर्मा, छन्नू लाल साहू, रोशनी वर्मा, आंचल साहू, किरण साहू, उमा साहू, रुखमणी साहू, विजयालक्ष्मी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### कौहाकुड़ा में कबीर जयंती पर हुई चौका आरती

**महासमुंद।** ग्राम कौहाकुड़ा में कबीर प्राकट्य उत्सव मनाया गया। युवराज साहू के निवास में इस मौके पर चौका आरती का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कबीर समाज के लोगों ने गुरु वंदना की और गुरु को पान, सुपारी, नारियल भेंटकर प्रणाम किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कौशल चंद, मुकेश बैरागी डॉ सरोज साहू, चंद्रप्रकाश, डॉ गजेंद्र, चुन्नी लाल, दुलेश्वर, डेयर, नोहर दास, घासीदास, दुलार दास, विश्राम, तोमेस, चमन, मनीष, जय, पुष्कर, गोलू, हेमलता, नेहा, रीना, निक्की सोनिया, डॉ सुंदर, दानीप्रसाद, रूपेश, यंतुदास, यमन, रेखलाल आदि उपस्थित थे।

### टाइप-1 डायबिटीज प्रभावित बच्चों के लिए कैंप का आयोजन

**रायपुर।** जिला चिकित्सालय में पंजीकृत बाल मधुमेह योजना अंतर्गत बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिये शुक्रवार को पीयर सपोर्ट ग्रुप कैंप का आयोजन किया गया। राज्य एनसीडी प्रकोष्ठ एवं विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन की सहभागिता से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित बच्चों, किशोरों, वयस्कों एवं उनके परिजनों को इसके प्रभावी प्रबंधन, नियमित इंसुलिन थेरेपी, रक्त शर्करा की नियमित निगरानी, संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि, हाइपोग्लाइसीमिया की पहचान एवं प्रबंधन तथा समय-समय पर चिकित्सकीय अनुवर्ती देखभाल के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि टाइप 1 डायबिटीज़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए केवल उपचार ही नहीं, बल्कि निरंतर परामर्श, भावनात्मक सहयोग एवं नियमित अनुवर्ती देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. प्रतिभा शर्मा एवं डॉ. निलय मोजरकर ने बताया कि टाइप 1 डायबिटीज़ के साथ स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन पूरी तरह संभव है, यदि नियमित इंसुलिन थेरेपी, रक्त ग्लूकोज़ की निगरानी, संतुलित जीवनशैली तथा चिकित्सकीय सलाह का निरंतर पालन किया जाए।

### सड़क के किनारे खड़े बोर वाहन से बस की टक्कर, तीन घायल




**महासमुंद।** सड़क किनारे खड़े बोर वाहन से बस के टकरा जाने से तीन यात्री घायल हो गए। घटना बसना से बिलाईगढ़ रोड ग्राम भालूपतेरा के पास की है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम अमलीडीह (पिथौरा) के परमानंद यादव ने एफआईआर लिखाई है कि 10 जून को वह अपने पिता लक्ष्मण यादव के साथ बहन चित्ररेखा यादव के इलाज के लिए बिलासपुर गया था। वापस आते समय बिलाईगढ़ से बसना आ रही राजधानी बस क्रमांक सीजी 04 ई 1591 में सवार होकर वे बसना आ रहे थे। शाम करीब 07 बजे बसना से बिलाईगढ रोड ग्राम भालूपतेरा के पास पहले से रोड किनारे खड़े बोर वाहन क्रमांक सीजी 06 जीआर 3880 को बस चालक ने टक्कर मार दिया। घटना में परमानंद, उसके पिता और बहन को चोटें आई। इसके अलावा बस में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बसना लाया गया। जहां से रेफर करने के बाद महासमुंद के अस्पताल में इलाज कराया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अस्पताल परिसर हुआ जलमग्न

**पलारी।** पलारी नगर सहित अंचल में रविवार को सुबह से जोरदार गरज और चमक के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे मौसम सुहाना हो गया वहीं कृषि कार्य के लिए यह बारिश टॉनिक का करेगा बीते कुछ दिनों से बारिश नहीं होने से किसान चिंतित नजर आ रहे थे लेकिन इस बारिश से किसान बेहद खुश है जिससे कृषि कार्य में तेजी आएगी।, वही इस बारिश से गर्मी और उमस से भी राहत मिली है देर शाम तक हुई बारिश से पलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर जलमग्न रहा जिससे मरीज के परिजनों को आने जाने परेशानी भी हुई।



### गली-मोहल्लों में घुटनों तक भरा पानी, घरों से निकलना हुआ दूभर

# गिधौरी अंचल में मूसलाधार बारिश से खेत लबालब, धान सड़ने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी अंचल में लगातार चार पांच दिनो से मौसम अपनी करवटे बदले हुए है । और कहीं ना कहीं लगातार रिमझिम तथा मुसलाधार बारिश हो रही है गिधौरी क्षेत्र में हुई मुसलाधार बारिश से जहां खेत खलिहान लबालब हो गया है जहां कुछ किसानों को धान बोने के लिए अच्छा समय दिया गया है और कुछ किसानों का खेत का धान अंकुरित होने लगा है और अभी पर्याप्त मात्रा में किसानों को पानी की जरुरत नहीं है लेकिन लगातार बारिश से खेत खलिहान एवं नदी नाला में लबालब पानी भर गया है और खेत में पानी ज्यादा मात्रा होने के कारण से खेत में अंकुरित धान सड़ने के कगार पर है।



किसनों को बाद में पानी की आवश्यकता पड सकती है अभी वर्तमान में पानी पर्याप्त है। परंतु लगातार चार- पांच दिनों की बारिश लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। घर से निकलना मुश्किल हो गया है और लगातार क्षेत्र में बारिश हो रही है मौसम नहीं खुलने से लोगों के दिनचर्या प्रभावित हो रहे हैं साथ -साथ गली मुहल्लों में भी जगह जगह घुटनों तक पानी भर हुआ है दोपहर से शुरू हुई मुसलाधार बारिश शाम तक होता रहा। अब किसानो को बारिश से धान सडने की चिंता बना हुआ है गिधौरी क्षेत्र में लगातार बारिश से पानी की औसत अनुमान लगभग 24 प्रतिशत हुई है।

#### जिले में अब तक 107.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 5 जुलाई 2026 तक 107.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 119.7मिमी, टुण्डरा में 224.5 मिमी, भाटापारा में 95.1मिमी, सिमगा में 90.8 मिमी, सोनाखान 75.3 मिमी, लवन 66.1 मिमी, कसडोल 138.7 मिमी,सुहेला 85 मिमी एवं बलौदाबाजार में 76 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 971.2 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 107.9 मिमी है।

## राहगीरों से लूटपाट, दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राहगीरों को रास्ता पूछने के बहाने रोककर मारपीट और लूटपाट करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो युवकों एवं विधि से संघर्षरत दो बालकों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को ग्राम कोनारी निवासी गधेश्वर प्रसाद पटेल ने थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दवा लेने जाते समय अज्ञात युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोककर मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और उनका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। मामले में थाना लवन में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लूटा गया सैमसंग मोबाइल फोन तथा अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना लवन एवं सिटी कोतवाली में दर्ज प्रकरणों में वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले की विवेचना जारी है।

#### पुलिस ने सुलझाईं चार वारदातें

पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में थाना लवन, सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर गौरव सायतोड़े, आर्यन कोसले तथा विधि से संघर्षरत दो बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने लवन एवं सिटी कोतवाली क्षेत्र में लूट और चोरी की चार वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने 14 जून को ग्राम धौंधा तालाब के पास एक व्यक्ति से मारपीट कर नकदी व दस्तावेज लूटे थे। 15 जून को पनगांव पेट्रोल पंप के समीप एक अन्य राहगीर से मारपीट कर नकदी छीनी थी। वहीं 24-26 जून की दरमियानी रात ताराशिव गांव में एक मकान में घुसकर मारपीट करते हुए नकदी की चोरी और लूट की घटना को भी अंजाम दिया था।

### कृष्णा महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रथम जिलाध्यक्ष



**अर्जुनी।** कृष्णा यादव महासभा छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार भाटापारा के युवा प्रकोष्ठ के प्रथम जिला अध्यक्ष त्रिलोक यादव बनाए गए। राष्ट्रीय संगठन महासचिव हेमंत यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष पुहूपराम यदू ने त्रिलोक यादव को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अर्जुनी निवासी त्रिलोक यादव 2007 में छात्रसंघ अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी 2009 छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा 2019 महाकाल सेनाअध्यक्ष एवं वर्तमान में जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि हैं। इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव, राष्ट्रीय संगठन महासचिव हेमंत यादव, राष्ट्रीय महामंत्री श्याम नंदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष पुहूपराम राम यदु, युवा अध्यक्ष मनोज यादव, छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा भाटापारा महासचिव गंगा प्रसाद यदु सहित समाजजनों ने हर्ष व्याप्त है।

## राशन दुकान पहुंचे कलेक्टर वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- ग्रामीणों से पूछा- कितने रुपए किलो मिल रही शक्कर

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम खम्हारडीह स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर राशन वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राशन लेने आई महिलाओं एवं ग्रामीणों से चर्चा कर समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन मिलने की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से शक्कर की कीमत के संबंध में भी जानकारी लेते हुए पूछा कि उन्हें शक्कर कितने रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मिल रही है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित मात्रा एवं दर पर समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वीबी जीरामजी योजना के तहत ग्राम खम्हारडीह में निर्माणाधीन नवीन पीडीएस भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर नए भवन से पीडीएस दुकान का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्य से गांव के स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों की आजीविका को बढ़ावा मिल रहा है।



## 71 छात्राओं को मिली सरस्वती योजना की सायकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक टोहड़ा में शनिवार को साइकिल वितरण किया गया। उक्त योजना के तहत कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी समस्त 71 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल मिलते ही सभी छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान खिल उठे। उक्त कार्यक्रम में गांव के सरपंच पंचगण सहित संस्था की प्राचार्य एक्का, वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश आडील, हीरालाल सिन्हा, वीरेंद्र वर्मा, नूतन साहू, विक्रांत पैकरा, तोषण साहू, कविता वैष्णव, प्रतिभा आचारी, उषा एक्का, महेश्वरी वर्मा, सुषमा कंवर, रेणु एवं कक्षा नवमीं के दोनों सेक्शन की शिक्षिका मंजू पैकरा, विद्या वर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने चाय दुकान के पास देशी शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी सुनील कुमार साहू पिता चुन्नू राम साहू (21 वर्ष) ग्राम खुटेरी अपने चाय दुकान के बाजू में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2880 रुपए को बरामद किया।

## शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी ज्ञान से ही बनेगा सशक्त समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- नई उम्मीदों के साथ शुरू हुआ शैक्षणिक सत्र
- विद्यार्थियों को मिला शिक्षा और संस्कार का मंत्र

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलदारशिवनी में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई एवं पुस्तकें वितरित कर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ दी गईं। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवालने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर व्यक्तित्व, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा वह शक्ति है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और समाज व राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का परिश्रम ही कल की सफलता तय करता है। हर विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता होती है, आवश्यकता केवल अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास की है।



#### बच्चों की शिक्षा पर अभिभावक दें ध्यान

नवीन अग्रवाल ने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव होता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

### प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग

## नकटी गांव मामले को लेकर कांग्रेस ने सीएम का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गत दिनों ग्राम नकटी में 85 परिवारों के घरों को तोड़े जाने एवं उन्हें बेघर किए जाने के विरोध में तथा प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय कर रही है। वर्षा काल में परिवारों के घर तोड़कर उन्हें बेघर करना अमानवीय और संवेदनहीन कदम है। कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों के अधिकारों और न्याय की लड़ाई हर स्तर पर मजबूती से लड़ेगी तथा सरकार को उनके पुनर्वास और उचित मुआवजे के लिए बाध्य करेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि ग्राम नकटी के 85 परिवारों के साथ हुआ अन्याय पूरे क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। कांग्रेस पार्टी तब तक संघर्ष करती रहेगी जब तक प्रभावित परिवारों को न्याय, उचित पुनर्वास और सम्मानपूर्वक रहने का अधिकार नहीं मिल जाता।



उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री विवेक अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सरपंच रणजीत सोनवानी, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष लखन देवांगन, पार्षद परदेसी सोनकर, पूर्व पार्षद अब्दुल खान, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, प्रवीण भोसले, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजीत भट्ट, पार्षद प्रतिनिधि गोलू पाटकर, युवक कांग्रेस नेता हितेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यश शर्मा, देवचरण मारकंडे, विक्रम पांडे, उत्तम जांगड़े, ब्लॉक कांग्रेस सचिव ढेलू साहू, नागेश साहू, लल्लू पाटकर, गुड्डु जैन, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी कृष्णा कुंजाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

